# भू-आकृतियाँ तथा उनका विकास

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से अपरदनकारी व निक्षेपणकारी दोनों कारक हैं/हैं?**

**1. प्रवाहित जल 2. भूमिगत जल**

**3. हिमनद 4. पवन**

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) उपर्युक्त सभी

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**1.पवन के बहाव से जब रेत का जमाव अर्द्ध-चंद्राकार टीले के रूप में होता है तो भुजाएँ पवनों की दिशा में निकली होती हैं, उसे 'बरखान' कहते हैं। बरखान के दोनों किनारे नुकीले रूप में निकले होते हैं।**

**2.पवन के घर्षण से स्थल पर चट्टान के निचले भाग में ज्यादा अपरदन होता है और ऊपरी भाग अप्रभावित रहता है। इस प्रकार चट्टान के कटाव से निर्मित आकृति कुकुरमुत्ते या छत्तरी के आकार में होती है तो उसे 'छत्रक शैल' कहते हैं। इसे सहारा मरुस्थल में 'गारा' भी कहा जाता है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**3. निम्नलिखित में से किस भू-आकृतिक निर्माण के कारक के द्वारा समप्राय मैदान का विकास होता है?**

(a) हिमनद

(b) प्रवाहित जल

(c) सागरीय तरंगें

(d) भौम जल

**4. प्रवाहित जल से निर्मित प्रत्येक अवस्था की स्थलरूप संबंधी विशेषताओं के संबंध में कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?**

**1. युवावस्था - उथली 'V' आकार की घाटी**

**2. प्रौढ़ावस्था - प्राकृतिक तटबंध**

**3. वृद्धावस्था - गोखुर झील**

**कूट:**

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 3

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थलाकृतियाँ नदियों द्वारा अपरदन के फलस्वरूप बनी हैं?**

**1. गॉर्ज 2. गभीरभूत विसर्प**

**3. कैनियन 4. नदी वेदिकाएँ**

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) उपर्युक्त सभी

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जलगर्तिका (Potholes) को परिभाषित करता है?**

(a) नदी निक्षेपित बाढ़ के मैदान में लंबवत् अपरदन

(b) पहाड़ी क्षेत्रों के नदी तल में अपरदित छोटे चट्टानी टुकड़ों का गर्तों में फँसकर गोलाकार घूमना।

(c) नदियों द्वारा कठोर चट्टानों को गहराई से काट कर विस्तृत विसर्पों का निर्माण करना।

(d) इनमें से कोई नहीं

**7. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थलाकृतियाँ नदियों के द्वारा निक्षेपित पदार्थों से बनी है?**

**1. जलोढ़ पंख 2. डेल्टा**

**3. प्राकृतिक तटबंध 4. नदी वेदिकाएँ**

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 1, 2 और 3

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**1.जब नदी उच्च स्थलो से बहती हुई मंद ढाल के मैदान में प्रवेश करती है तो जलोढ़ पंख का निर्माण होता है।**

**2.निम्नवर्ती क्षेत्रों में, जहाँ नदियाँ अपना मुहाना बनाती हैं, वहाँ इनका वेग अत्यधिक कम रहता है। यहाँ पर नदियों द्वारा अवसादों का निक्षेपण अत्यधिक होता है, जिससे निर्मित संरचना को डेल्टा कहते हैं।**

**3.जैसे-जैसे डेल्टा का आकार बढ़ता है, नदी वितरिकाओं की लंबाई बढ़ती जाती है और डेल्टा सागर के अंदर तक बढ़ता रहता है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) उपर्युक्त सभी



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1.प्राकृतिक तटबंध का संबंध बाढ़ के मैदान से है।**
**2.बाढ़ व डेल्टाई मैदानों में नदियों द्वारा विकसित लूप को विसर्प कहा जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 ओर न ही 2

**10. गुंफित नदी प्रारूप के विकास के लिए कौन-सी दशाएँ आवश्यक हैं?**
**1. नदी तट पर अपरदन एवं निक्षेपण**
**2. नदी में जल की अधिकता**
**3. नदी में जलोढ़ की अधिक मात्रा**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**11. निम्नलिखित में से उथली जल की झीलें 'प्लाया' किस क्षेत्र में पाई जाने वाली स्थलाकृतियाँ हैं?**
(a) बाढ़ के मैदान
(b) हिमनद प्रदेश
(c) मरुस्थल
(d) समुद्र तट

**12. कार्स्ट स्थलाकृतियों (Karst Topography) का निर्माण होता है-**
(a) सागरीय तंरगों के द्वारा
(b) हिमनदों के द्वारा
(c) भौम जल के द्वारा
(d) पवनों के द्वारा

**13. डोलाइन, युवाला तथा लैपीज उदाहरण हैं-**
(a) भौम जल द्वारा अपरदित स्थलाकृतियों का
(b) भौम जल द्वारा निक्षेपित स्थलाकृतियों का
(c) हिमनदों द्वारा अपरदित स्थलरूप का
(d) पवनों द्वारा अपरदित स्थलरूप का

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1.स्टैलेग्माइट, कंदराओं की छत से धरातल पर टपकने वाली चूनामिश्रित जल से बनते हैं।**
**2.विभिन्न मोटाई के स्टैलमेग्माइट तथा स्टैलेक्टाइट के मिलने से स्तंभ और कंदरा स्तंभ बनते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**15. हिमनद के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. वृहद् समतल क्षेत्र पर फैले हुए हिम परत को 'महाद्वीपीय हिमनदद' या 'गिरिपद हिमनद' कहते हैं।**
**2. हिमनद मुख्यत: गुरुत्व बल के कारण गतिमान होते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**16. हिमनद के द्वारा अपरदन से निर्मित स्थलरूपों के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) अधिकतर सर्क हिमनद घाटियों के शीर्ष पर पाए जाते हैं।
(b) सर्क के शीर्ष पर अपरदन होने से हॉर्न निर्मित होते हैं।
(c) हिमानीकृत घाटियाँ अंग्रेजी के अक्षर 'U' जैसी होती हैं।
(d) इनमें से कोई नहीं

**17. पिघलते हुए हिमनद के द्वारा मिश्रित रूप में भारी व महीन पदार्थों का निक्षेप कहलाता है-**
(a) हिमोढ़
(b) एस्कर
(c) ड्रमलिन
(d) सर्क

**18. निम्नलिखित में से किस हिमनद स्थलरूप का विकास हिमनद दरारों में भारी चट्टानी मलबे के भरने व उसके बर्फ के नीचे रहने से होता है?**
(a) एस्कर
(b) हिमानी धौत मैदान
(c) ड्रमलिन
(d) हॉर्न

**19. मरुस्थलीय क्षेत्रों में पर्वतों के पाद पर मलबे रहित अथवा मलबे सहित मंद ढाल चट्टानी तल को क्या कहते हैं?**
(a) इंसेलबर्ग
(b) पेडीमेंट
(c) पीठिका शैल
(d) प्लाया



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

उत्कर्ष
उत्कर्ष
उत्कर्ष



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213